**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ़**
**(तिथि 26 अप्रैल 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दिन के 11 बजे आकाशवाणी से **मन की बात** कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 121वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू-ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद **मन की बात** कार्यक्रम क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारित होगा।

****************************************************************************

हरियाणा सरकार ने शामलात देह की भूमि पर बनाए गए मकानों के कुछ मामलों के निपटान के लिए नियमों में बदलाव किया है।संशोधित नियमों के अनुसार अगर किसी ग्रामीण ने 31 मार्च 2004 से पूर्व 500 वर्ग गज तक की शामलात भूमि पर मकान बनाया हुआ है तो वह उस समय के कलेक्टर दर की डेढ़ गुणा कीमत देकर उसका मालिक बन सकता है बशर्ते वह भूमि किसी तालाब, रास्ता या अन्य किसी महत्वपूर्ण उपयोग के लिये आरक्षित न हो। इसके अलावा, यह कब्जा 500 वर्ग गज से अधिक भूमि पर नहीं होना चाहिए और खुला क्षेत्र निर्मित क्षेत्र के 25 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिये। सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि कब्जे वाली यह भूमि खरीदने के लिये ग्रामीण को ग्राम पंचायत को अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्र पर ग्राम पंचायत तथा ग्राम सभा द्वारा विचार उपरान्त प्रस्ताव पारित किया जाएगा। ग्राम पंचायत द्वारा भूमि को बेचने की स्वीकृति प्राप्त करने के लिये खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी तथा उपायुक्त के माध्यम से पंचायत विभाग के महानिदेशक को यह प्रस्ताव भेजा जायेगा। स्वीकृति उपरान्त ग्राम पंचायत द्वारा आवेदक के पक्ष में भूमि का बिक्रीनामा तहसील में पंजीकृत करवाया जा सकता है।

****************************************************************************

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद देश में रोष हैं। जिसके चलते भिवानी में किसानों और पूर्व सैनिकों ने इंतकाम की मांग की है। कल भिवानी के नेहरू पार्क में किसानों व पूर्व सैनिकों ने शहीद स्मारक पर मृतकों को श्रद्धांजलि देकर आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाज़ी की। किसान नेता कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कल्पना से परे बदला लेने की बात कही है, देश भी वही चाहता है।

****************************************************************************

हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने करनाल स्थित संपदा कार्यालय में पंजीकृत वसीयतों के सत्यापन की प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं और पक्षपातपूर्ण आचरण को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। आयोग ने सहायक जिला अटॉर्नी अवतार सिंह सैनी की भूमिका को असंगत और जवाबदेही से परे पाया है।आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि अनियमितताओं के संबंध में जांच से यह स्पष्ट हुआ कि सत्यापन प्रक्रिया में एकरूपता का पालन नहीं किया गया, बल्कि चुनिंदा आवेदकों को लक्षित कर उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान किया गया। रिकॉर्ड की समीक्षा में यह भी पाया गया कि अधिकांश फाइलों में की गई टिप्पणियां लगभग एक जैसी थीं और यह कहना कठिन है कि वास्तव में सत्यापन की प्रक्रिया संपन्न हुई थी या नहीं। आयोग का मानना है कि यह मामला केवल किसी एक कर्मचारी की लापरवाही का नहीं, बल्कि एक संगठित और योजनाबद्ध उत्पीड़न को दर्शाता है, जिसमें सहायकों की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई है।सहायक जिला अटॉर्नी द्वारा अपनी भूमिका से बचने के लिए दिए गए विभिन्न तर्कों को आयोग ने सिरे से खारिज कर दिया। आयोग ने नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को निर्देश दिए हैं कि वे सहायक जिला अटॉर्नी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करें और आदेश प्राप्त होने की तिथि से 30 दिनों के भीतर इस संबंध में की गई कार्रवाई की सूचना आयोग को दें।इसके अतिरिक्त, आयोग ने शिकायतकर्ता श्री सतीश कुमार अग्रवाल को 5 हजार रुपये का

मुआवजा देने का आदेश भी दिया है। यह मुआवजा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण अपनी निधि से प्रदान करेगा और बाद में यह राशि दोषी अधिकारियों से वसूल की जाएगी।

*********************************************************************

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में लू चलने का अनुमान व्यक्त किया है।मौसम विभाग ने कहा है कि इन राज्यों में पारा 3 से 5 डिग्री तक ऊपर जा सकता है। वहीं अगले 6 दिनों के दौरान पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में अधिकतम तापमान दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने और आज महेंद्रगढ़ , रेवाड़ी, मेवात और पलवल में गरज चमक और तेज आंधी चलने की संभावना भी जताई गई है।

***************************************************************************

वायु सेना खेल नियंत्रण बोर्ड ने "मार्शल ऑफ द एयर फोर्स अर्जन सिंह मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट-2025" के छठे संस्करण की घोषणा की है, जो 29 अप्रैल से 6 मई, 2025 तक चंडीगढ़ के 3 बीआरडीडी वायुसेना स्टेशन के रघबीर सिंह भोला हॉकी स्टेडियम, में आयोजित किया जाएगा। यह टूर्नामेंट वायुसेना के महान मार्शल अर्जन सिंह की 106वीं जयंती मनाने के लिए आयोजित किया जा रहा है।